भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2092

12 दिसम्बर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

जनजातीय उपचार के लिए एकीकृत प्रबंधन प्रणाली

2092. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) द्वारा अपनाई गई एकीकृत प्रबंधन प्रणाली का दाहोद जिला अस्पताल और दाहोद आयुर्वेद कॉलेज के साथ तकनीकी साझेदारी कर विस्तार करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार जनजातीय उपचार पद्धतियों (भिलोड़ी/जनजातीय औषधीय ज्ञान) की मानक कार्रवाई के लिए दाहोद जिले को एक प्रायोगिक परियोजना के रूप में विकसित करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि आईएसओ मानकों को अपनाने से अनुसंधान दक्षता में काफी वृद्धि हुई है, दाहोद के ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों में इस दक्षता मॉडल को लागू करने के लिए कोई रूपरेखा तैयार की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली की फार्माकोलॉजी प्रयोगशाला को गुणवत्ता, सुरक्षा और पर्यावरणीय अनुपालन को मजबूत करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा दिनांक 6 नवंबर 2025 को एकीकृत प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से मान्यता दी गई है।

इस प्रयोगशाला को निम्नलिखित के रूप में मान्यता दी गई है:-

- आईएस आईएसओ/9001:2015 क्यूएमएस (गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली),
- आईएस आईएसओ/14001:2015 ईएमएस (पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली), और
- आईएस/आईएसओ 45001:2018 ओएचएसएचएस (व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली)

हालांकि, दाहोद जिला अस्पताल और दाहोद आयुर्वेद कॉलेज के साथ तकनीकी साझेदारी के साथ अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) द्वारा अपनाई गई एकीकृत प्रबंधन प्रणाली का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) और (ग): इस मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****